अति आवश्यक / तत्काल

# कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक
# मध्यप्रदेश

(प्लाट नं. 35–A अरेरा हिल्स, पंजीयन भवन, भोपाल–462011)
दूरभाष 0755–2441953, Email:igrebpl@nic.in, Website:www.igrs.mp.gov.in/

क्रमांक / 109 / तकनीकी / 2020 भोपाल,दिनांक 09 / जनवरी / 2020

प्रति,

समस्त वरिष्ठ जिला पंजीयक / जिला पंजीयक
मध्यप्रदेश

विषय :– दस्तावेजों के पंजीयन पर अवैधानिक प्रतिबंध लगाये जाने बाबत्।

संदर्भः– मध्यप्रदेश शासन मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, वल्लभ भवन का पत्र क्रमांक04 / CS / 2020 / CTD दिनांक 07 / 01 / 2020।

——0——

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करें जिसके माध्यम से माननीय मुख्य सचिव महोदय द्वारा स्पष्ट निर्देश दिये गये है कि कलेक्टर या अन्य किसी अधिकारी या किसी संस्था द्वारा दस्तावेजों के पंजीयन पर किसी भी प्रकार का विधि विरूद्ध कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाये और यदि इस प्रकार का कहीं कोई अनाधिकृत प्रतिबंध प्रभावशील हो तो उसे तत्काल प्रभाव से वापिस लिया जाये।

उक्त परिप्रेक्ष्य में शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने हेतु आपको निर्देशित किया जाता है कि आपके जिले में दस्तावेजों के पंजीयन पर लगायी गई किसी भी प्रकार की अनाधिकृत / अवैधानिक रोक को तत्काल निरस्त कराये जाने हेतु संबंधित अधिकारी / संस्था से संपर्क स्थापित कर समुचित कार्यवाही कर इस कार्यालय को अवगत करायें।

यदि किसी अधिकारी / संस्था द्वारा उक्तानुसार पालन नहीं किया जाता है तो उसकी सूचना इस कार्यालय को भेजा जाना सुनिश्चित करें।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार।

संयुक्त महानिरीक्षक पंजीयन
वास्ते महानिरीक्षक पंजीयन
मध्यप्रदेश

पृष्ठांकन क्रमांक / 110 / तकनीकी / 2020 भोपाल, दिनांक 09 जनवरी 2020

प्रतिलिपि :–

समस्त परिक्षेत्रिय उप महानिरीक्षक पंजीयन की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

संयुक्त महानिरीक्षक पंजीयन
वास्ते महानिरीक्षक पंजीयन
मध्यप्रदेश

Scanned by CamScanner